# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट ( मेटल एवं एनर्जी ) 27 मई 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE ( कीमती धातुएं एवं एनर्जी )

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | जुलाई | 29.07.24 | 30.49 |
| सोना | जून | 26.06.24 | 2334.50 |
| कच्चा तेल | जुलाई | 20.06.24 | 77.72 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | जुलाई | 30.05.24 | 82.12 |
| नेचुरल गैस | जून | 29.05.24 | 2.52 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.06 |
| डॉलर इंडेक्स | 104.72 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 342.87 |

### LME ( बेस मेटल्स ) ( डॉलर/टन )

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 10417.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2621.50 |
| जिंक | नकद | 3062.50 |
| लेड | नकद | 2306.00 |
| निकल | नकद | 20084.00 |

### SHFE ( बेस मेटल्स ) ( युवॉन/टन )

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 17 जून 24 | 83580.00 |
| एल्युमिनियम | 17 जून 24 | 20845.00 |
| जिंक | 17 जून 24 | 24535.00 |
| लेड | 17 जून 24 | 18470.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 27.05.24 | 18551.00 | मंदी | 23.05.24 | 18614.00 | 18900.00 |
| चांदी | 05.07.24 | 90548.00 | मंदी | 23.05.24 | 90437.00 | 91800.00 |
| सोना | 05.06.24 | 71256.00 | मंदी | 23.05.24 | 71577.00 | 72600.00 |
| कच्चा तेल | 18.06.24 | 6471.00 | मंदी | 01.05.24 | 6622.00 | 6550.00 |
| नेचुरल गैस | 28.05.24 | 213.00 | मंदी | 24.05.24 | 213.00 | 225.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 31.05.24 | 883ण05 | मंदी | 23.05.24 | 890.20 | 900.00 |
| एल्युमिनियम | 31.05.24 | 240ण80 | तेजी | 15.05.24 | 237.65 | 235.00 |
| जिंक | 31.05.24 | 274ण20 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 265.00 |
| लेड | 31.05.24 | 188ण90 | मंदी | 24.05.23 | 188.90 | 191.00 |
| मेटलडेक्स | 19.06.24 | 18206ण00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 18000.00 |
| स्टील लांग | 20.06.24 | 47050ण00 | तेजी | 06.05.24 | 45490.00 | 46500.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**24.04.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 71100 पर सपोर्ट और 71500 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 91000 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 90200 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है। आज सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है लेकिन पिछले सत्र में यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब है क्योंकि फेडरल रिजर्व की नवीनतम बैठक में मौद्रिक नीति में ढील में देरी की संभावना के संकेत के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम कर दी है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की 30 अप्रैल-1 मई की बैठक के मिनटों के अनुसार, फेड अधिकारियों ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति को 2% तक ले जाने में अधिक विश्वास हासिल करने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। सोमवार को मेमोरियल डे बैंक अवकाश के कारण अमेरिकी बैंक बंद रहेंगे। सोने के व्यापारी मंगलवार को फेड के भाषण से अधिक संकेत लेंगे, जिनमें मिशेल बोमन, लोरेटा मेस्टर और नील काशकारी शामिल हैं। गुरुवार को पहली तिमाही के लिए अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पहला आंकड़ा नजर में रहेगा, जिसके पहली तिमाही में 1.5% बढ़ने का अनुमान है। उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ा ग्रीनबैक को बढ़ावा दे सकता है और सोने पर दबाव डाल सकता है।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 880-886 के दायरे में कारोबार कर सकती है। शीर्ष उपभोक्ता चीन में कमजोर मांग और फेडरल रिजर्व की नवीनतम बैठक में मौद्रिक नीति में ढील में देरी की संभावना के संकेत के बाद मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण बेस मेटल की कीमतों में आज गिरावट दर्ज की गई। चीन में, जो धातु का शीर्ष उपभोक्ता है, तांबे का भंडार चार साल के उच्चतम स्तर पर है क्योंकि कीमतें 10,000 डॉलर प्रति टन से अधिक होने के बाद मांग कम हो गई। इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप ने कहा कि वैश्विक स्तर पर रिफाइंड तांबे के बाजार में मार्च में 125,000 टन सरप्लस रहा है। जिंक में तेजी का रूझान रह सकता है और कीमतों को 272 पर सपोर्ट और 275 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 187-189 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 239-241 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। इंटरनेशनल एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट (आईएआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में वैश्विक स्तर पर प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर 3.3% बढ़कर 5.898 मिलियन टन हो गया है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6440-6520 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज शुरुआती एशियाई कारोबार में तेल की कीमतें स्थिर कारोबार कर रही है क्योंकि बाजार 2 जून को ओपेक+ की बैठक का इंतजार कर रहे है, जहां उत्पादकों द्वारा शेष वर्ष के लिए स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को बनाए रखने पर चर्चा करने की उम्मीद है। ओपेक ने शुक्रवार को कहा कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों और सहयोगियों के संगठन, जिसे ओपेक+ के नाम से जाना जाता है, की आगामी बैठक को एक दिन आगे बढ़ाकर 2 जून कर दिया गया है और इसे ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। उत्पादक इस बात पर चर्चा करेंगे कि क्या वर्ष की दूसरी छमाही में प्रति दिन 2.2 मिलियन बैरल की स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को बढ़ाया जाए । वर्ष के अंत तक मान्य अन्य 3.66 मिलियन बैरल/दिन उत्पादन कटौती के साथ, उत्पादन में कटौती वैश्विक तेल मांग के लगभग 6% के बराबर है। ओपेक ने कहा है कि उसे एक और साल अपेक्षाकृत मजबूत तेल मांग में 2.25 मिलियन बैरल/दिन की वृद्धि की उम्मीद है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को 1.2 मिलियन बैरल/दिन की धीमी वृद्धि की उम्मीद है। नेचुरल गैस की कीमतें 209-216 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आर्थिक आंकड़ें उपलब्ध नहीं | | | | | |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।